प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 27.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग वाली याचिका पर की सुनवाई, राज्य सरकार से मांगा पूरा ब्योरा।
2. राज्य में जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा तीन फरवरी से, इस वर्ष सात लाख से ज्यादा परीक्षार्थी होंगे शामिल।
3. राज्य में सांगठनिक अपराध के खिलाफ कार्रवाई तेज, रामगढ़ और हजारीबाग से 10 गिरफ्तार, चोरी की आठ बाइक भी बरामद।
4. हिमालय के क्षेत्र से आ रही बर्फीली हवाओं से राज्य में कनकनी बढ़ी, पिछले 24 घंटे में तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज, नौ जिलों का पारा 10 के नीचे पहुंचा।
5. जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए आज रांची पहुंचेगी भारत और दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम, 28 और 29 नवम्बर को खिलाड़ी करेंगे अभ्यास।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए सरकार की ओर से अब तक की गयी कार्रवाई का ब्योरा मांगा है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए सरकार को यह बताने को कहा है कि लोकायुक्त का पद कितने दिनों से खाली है और इस पद पर नियुक्ति के लिए अब तक क्या–क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को निर्धारित करते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश अदालत ने दिया है।

****

राज्य की हेमंत सोरन सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष कल पूरा हो रहा है। इस अवसर पर कल दोपहर 12 बजे से मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। समारोह में राज्य के अन्य मंत्री भी शामिल होंगे।

****

राज्य में जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 3 फरवरी से शुरू होंगी। झारखंड अधिविद परिषद, जैक ने परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। मैट्रिक की परीक्षा 3 फरवरी से 17 फरवरी तक चलेगी, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 3 फरवरी से 23 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। मैट्रिक की पहली पाली सुबह पौने दस बजे से दोपहर एक बजे तक और इंटरमीडिएट की दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। प्रायोगिक परीक्षा 24 फरवरी से सात मार्च तक होगी।

****

राज्य में सांगठनिक अपराध के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस कड़ी में झारखंड और बिहार इलाके में आतंक मचाने वाला कुख्यात चोर अरमान खान को रामगढ़ से उसके गैंग के अन्य सदस्यों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि सिर्फ झारखंड राज्य के ही विभिन्न थानों में उसके खिलाफ लगभग 35 मामले दर्ज हैं।

****

उधर, हजारीबाग जिले में एक संगठित मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है।

पुलिस ने गिरोह के 6 सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया है और विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 8 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में अब तक 29 बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की है।

फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश और बाकी मोटरसाइकिलों की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

****

झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र से बेलगड़िया में विस्थापित किए जा रहे लोगों को सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोल इंडिया ने एक और पहल की है।

****

गोवा के पणजी में 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। फिल्म महोत्सव के सातवें दिन कई मशहूर फिल्मों की स्क्रीनिंग, मास्टरक्लास तथा कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

****

हिमालय के क्षेत्र से आ रही बर्फीली हवाओं ने राज्य में कनकनी बढ़ा दी है। सर्द हवा की वजह से पिछले 24 घंटे के दौरान रात के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। राज्य के नौ जिलों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

****

रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वन डे क्रिकेट मैच को लेकर रांची में उत्साह चरम पर है। दोनों देशों की पूरी टीम आज रांची पहुंचेगी। सभी गुवाहाटी से चार्टर्ड प्लेन से रांची आयेगें। इसके बाद 28 और 29 नवंबर को जेएससीए अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में दोनों टीमों का अभ्यास सत्र निर्धारित है। इससे पहले कल टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा रांची पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को एयरपोर्ट से होटल पहुंचाया गया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह की खबर को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– हेमंत सरकार एक सालः कर्मचारी कल्याण और संस्थागत सुधारों पर जोर।

दैनिक भास्कर लिखता है– झारखंड के सभी जिले में खुलेंगे 745 अबुआ दवाखाना, मुफ्त मिलेगी दवा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– जेपीएससी सिविल सेवा में अनुशंसित 10 अभ्यर्थी कल नहीं पा सकेंगे नियुक्ति पत्र।
दैनिक जागरण ने लिखा है– 20 साल बाद फिर भारत में होंगे राष्ट्रमंडल खेल।

****